तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

12 जिला प्रशासन की निःशुल्क कोचिंग से युवाओं के सपनों को मिले पंख



14 उन्नाव कांड को लेकर किया प्रदर्शन





# नक्सल प्रभावित ओरछा से नारायणपुर तक बनेगी कांक्रीट सड़क, ग्रामीणों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल प्रभावित ओरछा से नारायणपुर तक कंक्रीट सड़क का निर्माण किया जाएगा है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में बहुत सुविधा होगी, पहले यह मार्ग नक्सली गतिविधियों के कारण अक्सर बाधित और दुर्गम था। कांक्रीट सड़क से दूरदराज के इलाकों में मदद भी पहुंच सकेगी, जिससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी और विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़क निर्माण से दुर्गम क्षेत्र के लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही खनिज परिवहन के लिए भी एक स्थायी और मजबूत मार्ग उपलब्ध होगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा प्रशासनिक सेवाओं तक लोगों की पहुंच और अधिक सुलभ होगी। लोक निर्माण विभाग की ओर से ओरछा, धौड़ाई होते हुए नारायणपुर तक 62 किमी जर्जर सड़क पर शीघ्र ही 105 करोड़ रूपए की लागत से कांक्रीट सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों की सुविधा के लिए नारायणपुर से अंतागढ़ तक 46 किमी 136 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा।


**क्षेत्रवासियों में उत्साह :** वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में सड़क थी, जिससे स्थानीय लोगों को परिवहन, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और व्यापार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब कांक्रीट सड़क के निर्माण होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह है।

### दूरदराज के इलाकों में मदद भी पहुंच सकेगी व कनेक्टिविटी बढ़ेगी

अलग खबर

#### 8 गांव के लोगों की यात्रा होगी सुगम

बताया जा रहा है कि इस कांक्रीट सड़क के बनने से धौड़ाई, पल्लीगांव और छोटेडोंगर क्षेत्र सहित 8 गांवों के ग्रामीणों को सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा मिल सकेगी। लंबे समय से इस क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग थी कि उन्हें जिला मुख्यालय तक सीधी और पक्की सड़क उपलब्ध कराई जाए। नक्सल प्रभावित इलाके में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है।



#### शीघ्र ही शुरू होगा निर्माण कार्य

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि ओरछा, धौड़ाई होते हुए नारायणपुर तक कांक्रीट सड़क का टेंडर हो चुका है। इससे शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## क्षेत्र के सतत विकास के लिए संकल्पित भाजपा सरकार : देव

# बहुप्रतीक्षित नयापारा सड़क का होगा चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के बहुप्रतीक्षित नयापारा सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को शहर के दो प्रमुख मार्ग हनुमान मंदिर चौराहे से चांदनी चौक तक महारानी जिला अस्पताल मार्ग और मोतीलाल नेहरू वार्ड के नयापारा क्षेत्र में जिला न्यायालय से हाता क्रिकेट मैदान तक मार्ग का 3 करोड़ 65 लाख 74 हजार की लागत से चौड़ीकरण, मजबूतीकरण, उन्नयन कार्य शुरू करने का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व किरण सिंह देव ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं महापौर संजय पाण्डेय उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव ने कहा कि क्षेत्र के सतत विकास के संकल्प को पूरा करने का काम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश सरकार कर रही है। जनता की सेवा करना ही भाजपा सरकार उद्देश्य है। स्थानीय हाता क्रिकेट मैदान संपन्न हुए भूमिपूजन कार्यक्रम में श्री देव ने कहा कि बजट मद से स्वीकृत 194.47 लाख की लागत से नयापारा मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य होगा। इस मार्ग के योजनाबद्ध चौड़ीकरण काम की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो पूरी हो रही है। इसके साथ महारानी जिला अस्पताल मार्ग का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य डीएमएफटी मद से 170.604 लाख की राशि से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं आएगी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के काम निरंतर साकार रूप पा रहे हैं।

- 3.65 करोड़ से संवरेगा नयापारा मुख्य मार्ग और महारानी जिला अस्पताल मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन



#### जनता की सेवा के लिए संकल्पितः कश्यप

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राष्ट्र व जनहित के काम पूर्ण हो रहे हैं। बस्तर का विकास व क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए संकल्पित है।

महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि शहर के बेहतर विकास का स्वप्न साकार करने के लिये भाजपा सरकार दिन रात काम कर रही है। शहर की अन्य सभी मुख्य सड़कों के मजबूतीकरण का काम आगामी समय में पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र सिंह आर्य ने किया। मोतीलाल नेहरू वार्ड के पार्षद आलोक अवस्थी ने सड़कों के चौड़ीकरण की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा होने पर आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्या शरण तिवारी, पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, अश्विन सरडे, सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्रही, संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा, राजेश श्रीवास्तव, सतीश अवस्थी, शशिनाथ पाठक, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, विक्रम सिंह यादव, नरेंद्र पाणिग्रही, पीतामह नायक, छबिलेश्वर जोशी आदि मौजूद रहे।

# बस्तर संभाग में अब तक 50 लाख 47 हजार क्विंटल धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत बस्तर संभाग में अब तक 50 लाख 47 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में बारदाना की उपलब्धता, समय पर तौल व्यवस्था से अब धान खरीदी में तेजी आई है। साथ ही नियमित तौर पर भुगतान होने से किसानों को सहूलियत हो रही है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक केएस ध्रुव ने बताया कि 382 धान उपार्जन केन्द्रों में 2 लाख 64 हजार 74 किसान पंजीकृत हैं। इन धान खरीदी केन्द्रों द्वारा अब तक 89 हजार 20 किसानों से 50 लाख 47 हजार क्विंटल से ज्यादा धान का उपार्जन किया गया है। जिसके तहत बस्तर जिले में 11 लाख 28 हजार 809 क्विंटल, बीजापुर में 2 लाख 66 हजार 119 क्विंटल, दंतेवाड़ा में 40 हजार 706 क्विंटल, कांकेर में 20 लाख 20 हजार 362 क्विंटल, कोंडागांव में 12 लाख 89 हजार 932 क्विंटल, नारायणपुर में एक लाख 7 हजार 152 क्विंटल और सुकमा जिले में एक लाख 86 हजार 492 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। वर्तमान में इन सभी जिलों के धान उपार्जन केन्द्रों पर एक करोड़ 42 लाख 94 हजार से अधिक बारदाना उपलब्ध है और सहकारी समितियों में खरीदी की लिमिट बढ़ाने के फलस्वरूप किसानों को टोकन की सुलभता के साथ ही धान खरीदी को गति मिली है। उन्होंने बस्तर संभाग में आगामी सप्ताह से धान खरीदी में और ज्यादा बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद व्यक्त की।

- कांकेर जिले में सर्वाधिक 20 लाख क्विंटल की हुई खरीदी

## खबर संक्षेप

### किसान सम्मान दिवस पर हुई कार्यशाला

**गीदम।** कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाडा में राष्ट्रीय किसान सम्मान दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रुप में हर वर्ष मनाया जाता है, जो स्वयं किसान थे। उन्होंने किसानों के हित में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री भारत सरकार द्वारा ऑनलाईन माध्यम से देश के समस्त किसानों को संबोधित किया गया। यह कार्यक्रम में आनलाइन रुप से राज्य के 27 कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसान उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख ओमप्रकाश ने किसानों को अपने उदबोधन में बताया कि कृषि विकास की निरंतर प्रगति से विकसित भारत की संकल्पना सफल हो पायेगी। इसके लिये भारत सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका सुरक्षित करने के लिए पंचायत स्तर पर निर्णय कर आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य संपन्न हो पायेगी। इसके लिए कार्यो के क्रियान्वयन एवं भुगतान को और अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनाने हेतु विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण को लागू किया जा रहा है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवारों के मृतकों के आश्रितों के लिए 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। दरभा तहसील के ग्राम छिन्दवाड़ा निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग मोतडु पिता बैशाखू की बांध के पानी में डूबने से मृत्यु होने के कारण पत्नी सुकलदई को 4 लाख रुपए तथा बास्तानार तहसील के ग्राम टंगियाझोड़ी निवासी 47 वर्षीय कोयाराम बघेल की डबरी के पानी में डूबने से मृत्यु होने से मृतक की पत्नी मुंगाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने का डर दिखाकर खाली हो सकता है खाता

**जगदलपुर।** क्या आपके मोबाइल पर ट्रैफिक नियम तोड़ने और तुरंत चालान भरने का कोई मैसेज आया है तो सावधान हो जाएं। एक छोटी सी गलती गाढ़ी कमाई पर भारी पड़ सकती है। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने राज्य में बढ़ रहे ई-चालान स्कैम को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है जिसमें आम जनता को ऐसे फजीवाड़े से सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार साइबर ठगों ने धोखाधड़ी का एक नया तरीका ईजाद किया है। ये ठग विभागीय वेबसाइट का क्लोन पेज (हूबहू दिखने वाली नकली वेबसाइट) तैयार कर लोगों को निशाना बना रहे हैं।

# उपकेन्द्र नहीं होने से दर्जनभर गांव तेलंगाना की बिजली पर निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के ग्राम बंडा में उपकेन्द्र निर्माण कार्य नहीं होने से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों के ग्रामीण को सीमावर्ती राज्य तेलंगाना की बिजली लेने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि विद्युत कंपनी के ठेकेदार 3 वर्ष पूर्व बस्तर संभाग के सुकमा जिले के बंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने बोर खुदवाया पर साफ-सफाई के दौरान की नक्सली दहशत के चलते कार्य बंद कर दिया गया था। वर्तमान में उपकेन्द्र का निमार्ण कार्य किया जा रहा है, पूरा होने पर क्षेत्र के गांवों को छत्तीसगढ़ की बिजली मिल सकेगी। उपकेन्द्र के निर्माण कार्य से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिया गया कि बंडा उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा करें।

- सुकमा जिले के बंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू



#### ठेकेदार को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि बंडा में उपकेन्द्र निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो शीघ्र ही पूर्ण होने की संभावना है। इसके लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया है।

## स्पेशल ब्रांच में पदस्थ आरक्षक की सड़क हादसे में हुई मौत

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के लामनी कब्रिस्तान के करीब बीती रात हुए सड़क हादसे में आरक्षक की मौत हो गई। वह स्पेशल ब्रांच में पदस्थ था तथा बीती रात किसी काम से लामनी की ओर गया हुआ था।



जानकारी के मुताबिक सागर सिंह पुलिस विभाग में बतौर आरक्षक पदस्था था। इनके पिता स्व पवन सिंह भी पुलिस विभाग में पदस्थ थे। बताया जा रहा है कि वह अपने किसी परिचित के यहां लामनी की ओर गया हुआ था वहां से लौटने के दौरान लामनी कब्रिस्तान के करीब उसकी स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह आवाजाही कर रहे लोगों ने उसे देखा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लोगों ने इसकी सूचना परपा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही परपा पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव पंचनामा के बाद पीएम के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया। मामले की विवेचना कर रहे एएसआई अजीत सिंह ने बताया कि पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मृतक सागर एसबी में आरक्षक के पद पर पदस्थ था।

# खेल मैदानों की बदहाल स्थिति प्रतिभाएं हो रहीं वंचित : कश्यप

**जगदलपुर।** युवा कांग्रेस नेता हेमंत कश्यप के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिला बस्तर में खेल के आधारभूत संरचना की बदहाल स्थिति, खेल सामग्रियों की कमी, प्रशिक्षकों के अभाव तथा युवा कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन न होने की समस्याओं को बताया गया। श्री कश्यप ने कहा कि अधिकांश खेल परिसर, स्टेडियम, प्रशिक्षण केंद्र एवं ग्रामीण खेल मैदान जर्जर अवस्था में हैं। मैदानों का नियमित रखरखाव नहीं होने, आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध न होने तथा योग्य प्रशिक्षकों की कमी के कारण जिले के सैकड़ों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का विकास नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, हॉकी जैसे प्रमुख खेलों के लिए प्रशिक्षकों की संख्या कम है। खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए टैलेंट हंट एवं चयन शिविर नियमित रूप से आयोजित नहीं किए जा रहे हैं। वहीं जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को समय पर यात्रा भत्ता, किट, पोषण एवं अन्य मूलभूत सुविधाएँ भी नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जिले के सभी खेल मैदानों एवं परिसरों का निरीक्षण कर सुधार कार्य प्रारंभ किया जाए। खिलाड़ियों को आवश्यक खेल सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान विजय भारती, एकादशी बघेल, अभिषेक,गीतू, महादेव, सुखचंद,कृष्णा, गौतम, भागीरथी, ओमप्रकाश मौजूद रहे।

- युवा कांग्रेस ने खेल अधिकारी को दिया ज्ञापन



## झीरम घाटी नक्सली हमले में कांग्रेस नेताओं समेत 32 लोगों की हुई थी मौत

# नड्डा के आरोपों पर कर्मा का पलटवार, यह शहीद कांग्रेसियों का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

झीरम घाटी नक्सली हमले को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा कांग्रेस पार्टी पर लगाए गए अंदरूनी साजिश के आरोपों पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव छविंद्र कर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने नड्डा के बयान को झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं का घोर अपमान बताया है। छविंद्र ने कहा कि झीरम घाटी कांड में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सहित 32 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या हुई थी। इस घटना को लेकर देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना बयान देना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि पीड़ित परिवारों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने सवाल उठाया कि उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। और जब इस मामले की जांच एनआईए ने की, तब केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार थी। क्या भाजपा सरकारों की जांच एजेंसियां असफल रहीं। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी कांड की एनआईए जांच रिपोर्ट और नड्डा के बयान आपस में मेल नहीं खाते। आखिर ऐसी कौन-सी जानकारी है जो नड्डा के पास है, लेकिन देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी एनआईए के पास नहीं।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 25 मई 2013 की इस दुखद घटना के बाद शहीद महेंद्र कर्मा जी के अंतिम संस्कार में तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आर.पी.एन. सिंह वर्तमान भाजपा सांसद उपस्थित थे। इसके अलावा तत्कालीन भाजपा सांसद एवं वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी दिल्ली से बस्तर आए और शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी। ऐसे में आज भाजपा नेतृत्व द्वारा इस तरह के आरोप लगाना न केवल विरोधाभासी है, बल्कि राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित भी प्रतीत होता है।

- नरसंहार की निष्पक्ष जांच कराई जाए : छविंद्र



#### पुनः जांच की मांग

छविंद्र कर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री से मांग की है कि झीरम घाटी के इस नृशंस सामूहिक नरसंहार की निष्पक्ष और पुनः जांच कराई जाए। इस जांच में जेपी नड्डा को भी शामिल किया जाए, ताकि देश को सच्चाई पता चल सके। यह स्पष्ट हो सके कि स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े राजनीतिक हत्याकांड के असली सूत्रधार, साजिशकर्ता और गुनहगार कौन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस भीषण नरसंहार को केवल "नक्सली घटना" बताकर अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती।

#### दोषियों का शीघ्र पर्दाफाश हो

छविंद्र कर्मा ने देश व प्रदेश की सभी जांच एजेंसियों से मांग की कि इस सामूहिक हत्याकांड के दोषियों का शीघ्र पर्दाफाश किया जाए और उन्हें कड़ा से कड़ा दंड दिलाया जाए। इस दौरान मौजूद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सलीम राजा उस्मानी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष विमल सुराना, जिला महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला महामंत्री विमल सलाम, जिला महामंत्री भीम सेन मांडवी, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल,ब्लॉक अध्यक्ष नंदा कुंजम, शंकर कुंजम मौजूद रहे।

# बाधितार्थ विद्यालय में दिव्यांग छात्रों के साथ हो रहा दुर्व्यवहार

**जगदलपुर।** शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय आड़ावाल के प्रभारी अधीक्षक पर सरकारी आदेशों की अवहेलना करने और दिव्यांग छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगे हैं। बस्तर संभागीय दिव्यांग विकास संघ ने इस मामले में शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार नाग और सचिव जुगधर राम कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग ने 15 अक्टूबर को एक आदेश जारी कर प्रभारी अधीक्षक तोमेश्वर सिन्हा का स्थानांतरण जगदलपुर से शासकीय दृष्टि बाधित विद्यालय जशपुर के लिए कर दिया था। नियमतः उन्हें 10 दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करना था, दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वे अवैध रूप से पद पर बने हुए हैं, जिससे नए आने वाले कर्मचारी अपना पदभार ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। विद्यालय में समय पर और भरपेट भोजन व नाश्ता नहीं दिया जाता। अधीक्षक द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, शिकायत करने पर उन्हें स्कूल से निकालने और टीसी काट देने की धमकी दी जाती है। इससे मानसिक तनाव में हैं और उनका भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है।

- दो माह पहले तबादले के बाद भी कार्यमुक्त नहीं हुए



# जिला प्रशासन की नि:शुल्क कोचिंग से युवाओं के सपनों को मिले पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

जिला प्रशासन द्वारा संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान कोंडागांव जिले के युवाओं के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद जिले के युवाओं ने इस कोचिंग के माध्यम से नगर सैनिक, जिला बल एवं पुलिस बल में चयन पाकर अपने सपनों को साकार किया है। ग्राम मालाकोट निवासी जगबती मरकाम ने लक्ष्य कोचिंग से रणनीतिक तैयारी कर जिला बल में चयन हासिल किया। समाजशास्त्र में मास्टर डिग्री कर रहीं जगबती को कोचिंग से परीक्षा की सही दिशा, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास मिला। पाली गांव की नीलम मरकाम ने निःशुल्क कोचिंग का लाभ लेकर नगर सैनिक भर्ती में सफलता पाई। पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को संतुलित करते हुए उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। मर्दापाल निवासी कृषक परिवार की बेटी रंजना राणा ने नियमित अभ्यास और अनुशासित दिनचर्या के बल पर नगर सैनिक में चयन पाया। लक्ष्य कोचिंग के मार्गदर्शन ने उनकी तैयारी को मजबूती दी।

**ग्रामीण युवाओं ने भी रचा सफलता का इतिहास :** ग्राम नेवरा निवासी बलीराम बघेल एवं ग्राम बफना निवासी मनोज नेताम ने लक्ष्य कोचिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ पुलिस बल में चयन पाकर यह सिद्ध किया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## जगबती मरकाम को मिला सही मार्गदर्शन, जिला बल में हुआ चयन

### एक साल में लक्ष्य कोचिंग के उल्लेखनीय परिणाम

10 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुए लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग संस्थान ने अल्प समय में ही शानदार परिणाम दिए हैं। नगर सैनिक 25 चयन, पुलिस आरक्षक जीडी 56 चयन, सहायक शिक्षक 1 चयन, एसएससी जीडी 14 चयन, अग्निवीर 1 चयन।



### युवाओं के लिए वरदान बनी नि:शुल्क कोचिंग

संस्थान में यूपीएससी, सीजीपीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, शिक्षकभर्ती, पुलिस, वन विभाग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। वर्तमान में पीएससी, व्यापम, शिक्षक भर्ती एवं एसएससी जीडी की कक्षाएं निरंतर संचालित हैं।

## खबर संक्षेप

### परेंबानगांव में होगी महिला प्रो-कबड्डी व डीजे डांस स्पर्धा

**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम परेंबानगाँव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला समूह के द्वारा गाँव में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता एवं एक दिवसीय रात्रिकालीन जिला स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन जनपद सदस्य लीलावती नेताम के नेतृत्व में किया जा रहा है। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 30 दिसंबर की सुबह किया जाएगा और 31 दिसंबर की शाम समापन किया जाएगा।

### जिला अस्पताल में मासूम को मिला नया जीवन

**नारायणपुर।** बखरूपारा निवासी तीन वर्षीय बालिका को 25 दिसंबर क्रिसमस की रात करीब 9 बजे जिला अस्पताल नारायणपुर के आपातकालीन विभाग में तेज दर्द और हल्के रक्तस्राव की स्थिति में लाया गया। जांच में सामने आया कि बच्ची की बाईं नासिका में पेन की स्प्रिंग पिछले एक सप्ताह से फंसी हुई थी, जो नाक की आंतरिक संरचनाओं में कसकर अटकी हुई थी। सूचना मिलते ही ऑफ ड्यूटी होने के बावजूद चिकित्सक डॉ. हिमांशु सिन्हा तत्काल अस्पताल पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए माइनर ऑपरेशन थिएटर में सूझबूझ, कुशलता और त्वरित निर्णय के साथ स्प्रिंग को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। समय पर किए गए इस उपचार से बच्ची को तुरंत राहत मिली और किसी भी गंभीर जटिलता से बचाव हो सका।

### धर्मांतरण के विरोध में निकाली बाइक रैली



**फरसगांव।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला कोंडागांव के द्वारा बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा हो रहे हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं बस्तर में चल रहे धर्मांतरण के खिलाफ जिले में विशाल शौर्य जागरण यात्रा एवं आक्रोश रैली का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस विशाल शौर्य जागरण यात्रा एवं आक्रोश रैली का शुभारम्भ शुक्रवार को फरसगांव नगर के जनपद स्कूल मैदान से सुबह 11 बजे किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी व सदस्यों बाईक रैली के माध्यम से नगर भ्रमण करने के बाद कोंडागांव के लिए रवाना हो गए। इस दौरान दयासागर उइके, धनेंद्र मणि निषाद, डगेंद्र नाग, घनश्याम पम्हार, ऋषि बर्मन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

### टिप्पर से टकराई बाइक,चालक की मौत

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 जटायू शिला के पास शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे टिप्पर के पीछे बाइक टकरा गई । हादसे में बाइक चालक ग्राम उमरकोट 5 नंबर निवासी विप्लव भट्ट उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग की वाहन ने उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विप्लव भट्ट बाइक में सवार होकर बोरगांव की ओर जा रहा था। तभी जटायु शीला के पास टिप्पर के पीछे टकरा गया।

## बैठक : राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई प्रारूप मतदाता सूची

# कोंडागांव जिले में 30 हजार 595 मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत किए गए विलोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।

- जिला कार्यालय सभाकक्ष में हुई आयोजित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। इन्यूमेरेशन फेस के तहत मतदाता गणना पत्रकों का डिजिटलीकरण शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। जिले के विधानसभा क्षेत्र 82 केशकाल, 83 कोण्डागांव एवं 84 नारायणपुर आंशिक अंतर्गत सभी 635 मतदान केंद्रों एवं ईआरओ–एईआरओ कार्यालयों में 23 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची जनसाधारण के अवलोकन के लिए प्रकाशित की गई। प्रारूप मतदाता सूची सीईओ छत्तीसगढ़ की वेबसाइट एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की गई है, जिससे मतदाता आसानी से अपने नाम की जांच कर सकते हैं। एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं अपात्र नाम हटाने के लिए दावा–आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। सभी दावा–आपत्तियों के निराकरण के पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।



**मतदाता गणना के आंकड़े साझा –** बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के कुल 4 लाख 42 हजार 194 मतदाताओं में से 4 लाख 11 हजार 599 मतदाताओं ने गणना पत्रक जमा किए हैं। वहीं 30 हजार 595 मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत विलोपित किए गए हैं। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथवार मुद्रित एवं डिजिटल प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध कराई गईं।

**ये रहे उपस्थित** -बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### आगामी जनगणना 2027 को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोण्डागांव।** आगामी जनगणना वर्ष 2027 की तैयारी के तहत ग्रामों की भौगोलिक सीमा एवं स्थिति को सटीक रूप से जियो–रिफ्रेरेंसिंग करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर एवं जनगणना निदेशालय रायपुर से नियुक्त नोडल अधिकारी संतोष मेंढे ने शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की जानकारी दी तथा जियो–रिफ्रेरेंसिंग की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामों की सही सीमांकन एवं डिजिटल मैपिंग को जनगणना की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक बताया गया। जिससे भविष्य में आंकड़ों की शुद्धता और योजना निर्माण में सुविधा मिल सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेश्मी पोया सहित सभी तहसीलदार, जनगणना चार्ज अधिकारी, नगरीय निकायों के अधिकारी एवं जनगणना लिपिक उपस्थित रहे।

# अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर होगा पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 की स्थिति में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर मंगलवार को किया गया।

जिले के समस्त 635 मतदान केन्द्रों सहित विधानसभा क्षेत्र 82 केशकाल अ.ज.जा., 83 कोंडागांव अ.ज.जा. एवं 04 नारायणपुर आशिक के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में प्रारूप मतदाता सूची जनसाधारण के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। नागरिक सूची का अवलोकन कर यह जांच कर सकेंगे कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं।

### 22 जनवरी तक दें सकेंगे दावा–आपत्ति

विशेष गहन पुनरीक्षण 1 जनवरी 2026 के अंतर्गत दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, या वे युवा जो 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा भी आवेदन के पात्र होंगे। दावा एवं आपत्ति के लिए आवश्यक फार्म संबंधित मतदान केन्द्रों में नियुक्त बीएलओ अभिहित अधिकारी के पास निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे। नागरिक कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक आवेदन भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। पुनरीक्षण अवधि के दौरान विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा नाम विलोपन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है।

### नागरिक मतदाता सूची का करें अवलोकन

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पुनरीक्षण अवधि के दौरान अपने संबंधित मतदान केन्द्र में जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि आवश्यक हो तो समय–सीमा में दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कराएं।

# शक्ति दिवस पर्व पर दिखी हल्बा समाज की एकजुटता




**नारायणपुर।** जिले में शक्ति दिवस पर्व के अवसर पर आदिवासी हल्बा समाज ने अपनी सामाजिक एकता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रदर्शन किया। जिले के कुम्हारपारा और छोटे डोंगर—दो प्रमुख स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।

अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज के तत्वावधान में आयोजित इस शक्ति दिवस पर्व के तहत छोटे डोंगर स्थित दंतेश्वरी मंदिर और कुम्हारपारा स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हल्बा समाज की तीनों प्रमुख शाखाओं—18 गढ़, 32 गढ़ और 36 गढ़—के लोग एक मंच पर एकजुट नजर आए। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण से नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई एक भव्य शक्ति प्रदर्शन रैली निकाली गई। मांदर और नगाड़ों की थाप पर थिरकते युवक-युवतियां, पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चे और समाजजन रैली की शोभा बढ़ाते रहे। पूरे नगर में माता दंतेश्वरी और वीर शहीद गैंद सिंह अमर रहें के जयघोष गूंजते रहे।

- हजारों की मौजूदगी में हुआ शक्ति प्रदर्शन

### माटी-संस्कृति के संरक्षण पर विशेष जोर

रैली के पश्चात आयोजित सामाजिक सभा में वक्ताओं ने समाज में शिक्षा के प्रसार, रोजगार के अवसर, नशामुक्ति अभियान और अपनी माटी-संस्कृति के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करने का कार्य करते हैं। शक्ति दिवस पर्व का यह आयोजन न केवल हल्बा समाज की एकजुटता का प्रतीक बना, बल्कि नारायणपुर जिले में आदिवासी संस्कृति की जीवंत पहचान भी प्रस्तुत करता नजर आया।

# विधायक ने 1.95 करोड़ के 39 विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

**फरसगांव/कोण्डागांव।** नगर पंचायत में गुरुवार को केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने अधोसंरचना मद 15 वें वित्त विधायक निधि एवं अध्यक्ष निधि से स्वीकृत 1 करोड़ 95 लाख 43 हजार के 39 कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया । 39 कार्यों में 12 कार्य का लोकार्पण तथा 27 कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। जिसमें स्ट्रीट लाइट विस्तार, सीसी सड़क निर्माण, आरसीसी नाली निर्माण, पासंगी शीतला मंदिर में शेड निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, आहता निर्माण के कार्य शामिल है ।

- शारीरिक, मानसिक विकास में बहुत सहायक है चिल्डन पार्क : टेकाम

नगर पंचायत फरसगांव में स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान स्वच्छता लक्षित इकाई सीटीयू अंतर्गत स्वच्छता से वंचित झाड़ियों से युक्त स्थल का चयन किया गया था। उक्त स्थल को विकसित कर सर्वसुविधायुक्त चिल्ड्रन गार्डन बनाकर एक नया स्वरूप दिया गया है। उक्त गार्डन का लोकार्पण केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम द्वारा किया गया।



विधायक नीलकंठ टेकाम ने सीटीयू गार्डन का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह बच्चों के शारीरिक विकास और मानसिक विकास के लिए बहुत सहायक होगा। उन्होंने कहा कि सीटीयू गार्डन में बच्चों के लिए खेलने के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है, जिससे वे अपने शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल सकें। विधायक टेकाम ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत हैं। नगर में हो रहे विकास कार्य इसका एक उदाहरण है। लोकार्पण के बाद झूलों का आनंद लेने के लिए स्थानीय बच्चों की भीड़ लग गई।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद विनोद पाण्डे , नरेंद्र गौर, सीएमओ मयंक बसन्तवानी,गौरव साव सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पारंपरिक बस्तर शिल्प कार्यशाला का जिपं सीईओ ने किया अवलोकन

**कोण्डागांव।** पारंपरिक बस्तर शिल्प संग्रहालय में बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशाला का जिला सीईओ अविनाश भोई ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागियों की कलाकृतियों को देखा और उनके कार्य की सराहना की।

अवलोकन के दौरान श्री भोई ने कहा कि कोंडागांव शिल्प नगरी के रूप में प्रसिद्ध है और यहां इस तरह की कार्यशालाएं पारंपरिक कला एवं संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बस्तर की पहचान को और सशक्त करते हैं।



**लोक कलाकारों ने किया जीवंत प्रदर्शन :** कार्यशाला में बस्तर अंचल के अनुभवी एवं प्रसिद्ध लोक कलाकारों ने सहभागिता करते हुए पारंपरिक शिल्प, लोककला एवं सांस्कृतिक विधाओं का जीवंत प्रदर्शन किया। इससे युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिला।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम :** अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं युवाओं को पारंपरिक कला सीखने, कौशल विकास करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेंगी। बस्तर की लोककला को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## 10 दिवसीय प्रतियोगिता में 24 पंचायतों की टीमों ने लिया हिस्सा

# हाड़ीगांव की टीम ने जीती उदेंगा में हो रही पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कोण्डागांव जिले के माकड़ी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत उदेंगा में 16 दिसम्बर से आयोजित दस दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह 25 दिसम्बर को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में भाजपा युवा मोर्चा जिलामंत्री अनंत जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत उदेंगा के सरपंच सोनाराम शोरी ने की।

- विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल व नकद पुरस्कार

फाइनल मुकाबले में ग्राम पंचायत हाड़ीगांव की टीम ने ग्राम पंचायत ठेमगांव की टीम को 41 रन से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबले में रोमांचक खेल देखने को मिला, जिसे देखने बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। आयोजक समिति अध्यक्ष अनिल शोरी, उपाध्यक्ष अंतुराम जैन, सचिव दिपेंद्र शोरी एवं कोषाध्यक्ष दिलीप मरकाम ने बताया कि युवा संगठन क्रिकेट समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में माकड़ी ब्लॉक सहित पड़ोसी बड़ेराजपुर ब्लॉक की कुल 24 पंचायतों की टीमों ने भाग लिया।



**विजेता व उपविजेता को पुरस्कार वितरण :** प्रतियोगिता में विजेता टीम हाड़ीगांव को ट्रॉफी, मेडल एवं 12,001 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम ठेमगांव को ट्रॉफी, मेडल एवं 6,001 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित** – समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि उपसरपंच प्रतिनिधि आसमन नेताम, पटेल चमराराम शोरी, पुजारी शोभाराम शोरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीणजन, क्रिकेट प्रेमी एवं दर्शकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास : अनंत जैन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अनंत जैन ने विजेता व उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, जिसमें हार–जीत दोनों होती है, लेकिन मेहनत और अभ्यास से सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने अन्य टीमों को भी निराश न होकर और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। फाइनल मैच के दौरान आकर्षक और उत्साहवर्धक कॉमेंट्री स्वयं अनंत जैन ने की, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# तीन परिवारों को मिला प्रधानमंत्री बीमा योजना का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री बीमा योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए संकट की घड़ी में आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार बन रही हैं। दुर्घटना अथवा असमय निधन की स्थिति में यह योजनाएं प्रभावित परिवारों को राहत और संबल प्रदान कर रही हैं।

- बीमा राशि से मिला आर्थिक संबल आश्रितों को राहत

जिले के दो परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा एक परिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा राशि प्रदान की गई। ग्राम उमरगांव निवासी पूर्णिमा मांडवी को उनके पति स्वर्गीय रतन राम मांडवी के निधन के पश्चात बीमा राशि प्रदान की गई। ग्राम सिंघनपुर, पोस्ट उमरगांव निवासी साधुराम को उनकी पत्नी स्वर्गीय धसीन बाई के पानी में डूबने से हुए आकस्मिक निधन पर बीमा सहायता मिली। वहीं ग्राम डूमर गोदारा निवासी मंगलदई मांडवी को उनके पति स्वर्गीय आंदोराम मांडवी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ मिला।



**प्रत्येक परिवार को 2–2 लाख की सहायता –** तीनों मामलों में पात्र हितग्राही परिवारों को 2–2 लाख रुपये की बीमा राशि स्वीत की गई। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा आश्रित परिवारों को चेक प्रदान किए गए। बीमा राशि प्राप्त करने पर लाभार्थियों ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पति की मृत्यु के बाद जीवनयापन और बच्चों की शिक्षा जैसी चुनौतियों के बीच यह आर्थिक सहायता उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हुई है।

# सुदामा ने कठिन परिस्थितियों में अपने आराध्य को नहीं छोड़ा : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

ब्लॉक मुख्यालय तोकापाल के बेड़ागुड़ा पंचायत के मिडिल स्कूल मैदान में भागवत कथा का आयोजन हो रहा । इस कथा में 15 से 26 दिसंबर तक 12 दिवसीय कथा का संचालन हो रहा है। 26 दिसंबर को भागवत कथा का अंतिम दिवस में आचार्य सुमित भारद्वाज महाराज, महंत राधागिरधर के निकुंज सेवाश्रम कबीरधाम ने कृष्ण के वचन मधुर वाणी में कृष्ण लीलाओं व उनके वचनों को भक्तों को भावपूर्ण वर्णन किया। आचार्य ने इनमें से सुदामा के बालपन व कृष्ण के बालपन सखा का वर्णन को बताया तो कृष्ण के मधुर भाव में डूबे सुदामा ने अपने भगवान को गरीबी में भी नहीं छोड़ा।

नारायण के भक्ति में भी परम आनंद है, भगवान प्रेम के भूखे हैं और मोह माया का त्याग पर ही प्रभु को पाना संभव है। सत्य के मार्ग में चलकर जीवन की कठिनाइयों को पार सकते हैं। इनमें से सुदामा के चरित्र चित्रण को जीवन में उतारने हेतु आज के युवाओं को आगे आना है। आचार्य ने



बतलाया और भक्त प्रहलाद का नारायण के प्रति प्रेम आदित्य है। युवा अपने कल्याण मार्ग में नारायण के चरित्र को अपने जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्त हो सकते हैं।

आचार्य के भजनों में ऐसी प्रस्तुति होती है कि नारायण से स्वयं मिल रहे हैं वैसा प्रतीत होता है और मन भाव विभोर होता है। ग्राम पंचायत बेडागुड़ा के भागवत कथा में व्यवस्थापक में बुटकी नागेश एवं चंपालाल नागेश ने भरपूर सहयोग प्रदान कर भागवत कथा को बेडागुड़ा के गांव में उतारा है जो अभी तक इस कथा को सुनने में आनंदपूर्ण मिल रहा है। साथ में गांव के वरिष्ठ जनों का सहयोग सरपंच, जनप्रतिनिधियों आसपास के भक्तगण में तोकापाल, बेड़ागुड़ा, परपा, केशलुर, आरापुर, राजूर गावों से भक्तगण बढ़-चढ़कर कथा सुनने को आ रहे हैं। जिससे जीवन के जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्ति के रास्ते ढूंढ रहे हैं । 26 दिसंबर को भागवत कथा का अंतिम अध्याय होने जा रहा है आसपास के सभी भक्तगण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का आनंद लें।

## खबर संक्षेप

### भिक्षुकों व श्रद्धालुओं को बांटे गए कंबल



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद ने शीत ऋतु की अधिकता को देखते हुए मंदिर परिसर में मौजूद भिक्षुकों, असहाय व्यक्तियों तथा जरूरतमंद श्रद्धालुओं को कंबल वितरित किये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, एसडीएम लोकांश ऐल्मा, नायब तहसीलदार भादुराम धनकर उपस्थित थे।

### औषधि वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बीजापुर।** बीजापुर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत एनएमडीसी द्वारा प्रदत्त औषधि वाहन को कलेक्टर परिसर में कलेक्टर संबित मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे ने संयुक्त रूप से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी ने बताया कि उक्त औषधि वाहन के माध्यम से जिले के दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों तक आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों एवं स्वास्थ्य सामग्री की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### अटल जी की 101वीं जयंती मनाई गई



**बीजापुर।** भारत रत्न, प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर बीजापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अटल परिसर का लोकार्पण कर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस वर्चुअल कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, एसडीएम जागेश्वर कौशल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंशीलाल नुरेटी, नगरपालिका बीजापुर के पार्षदगण, मीडिया प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### विशेष ग्राम सभा में जी राम जी के प्रावधानों पर चर्चा

**बीजापुर।** जिले की ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने बताया कि कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में विशेष ग्राम सभा के आयोजन एवं विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण वीबी-जी राम जी के विभिन्न प्रावधानों और 2047 में विकसित भारत के विजन पर चर्चा के लिए ग्राम पंचायतों नोडल अधिकारियों की नियुक्त किये गए है।

## स्थापना दिवस में शामिल हुए विधायक

# हल्बा-हल्बी समाज का इतिहास वैभवशाली मातृशक्ति का अनुयायी है समाज : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्रापं टिकनपाल में हल्बा-हल्बी समाज के 84वें स्थापना दिवस एवं शक्ति दिवस समारोह में विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए। समाज की माता-बहनों ने विधि-विधान के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने हल्बा हल्बी समाज के लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अमर शहीद बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते शहीद बिरसा मुंडा व शहीद गैंदसिंह के अतुलनीय योगदानों का स्मरण किया। विधायक ने कहा कि ये दोनों महान विभूतियां भारत माता के सच्चे सपूत हैं, इनका बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। शक्ति दिवस के अवसर पर विधायक ने टिकनपाल में नवनिर्मित हल्बा समाज भवन का लोकार्पण किया। समाज प्रमुखों एवं माता-बहनों को शक्ति दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि हल्बा-हल्बी समाज का इतिहास अत्यंत समृद्ध, गौरवशाली और प्रेरणादायी रहा है। यह समाज मां दंतेश्वरी को अपनी आराध्य देवी मानता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि

■ शहीद बिरसा मुंडा व शहीद गेंदसिंह के अतुलनीय योगदानों को किया स्मरण



हल्बा समाज मूल रूप से मातृशक्ति का अनुयायी समाज है। मातृशक्ति के सम्मान और सामाजिक एकता की भावना इस समाज की सबसे बड़ी पहचान है। शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी हल्बा समाज हमेशा अग्रणी रहा है।

समाज के लोगों ने शिक्षा को सशक्त हथियार बनाकर आज राजनीतिक, प्रशासनिक एवं अन्य विविध क्षेत्रों में उच्च पदों पर पहुंचकर राष्ट्र और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो पूरे बस्तर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष रहे, तभी से उन्हें लगातार हल्बा समाज के शक्ति दिवस कार्यक्रमों में शामिल होने का सौभाग्य मिलता रहा है। समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता और सामूहिक सहभागिता है। आज के विशेष शक्ति दिवस कार्यक्रम में समाज के कुछ कर्मचारी वर्ग की अनुपस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है और भविष्य में एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग, माता-बहनें, युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# वीर बाल शहीदों को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण जावंगा में वीर बाल दिवस गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वीर बाल शहीदों के अदम्य साहस, बलिदान एवं देशभक्ति से छात्राओं को परिचित कराना तथा उनके व्यक्तित्व में साहस, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भवानी पुनेम विकास खंड शिक्षा अधिकारी गीदम रहीं। अपने प्रभावशाली उद्बोधन में उन्होंने वीर बाल शहीदों के अद्वितीय साहस और बलिदान का उल्लेख करते हुए छात्राओं को जीवन में निर्भीक होकर आगे बढ़ने, चुनौतियों का डटकर सामना करने तथा कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि जितेंद्र चौहान बीआरसी ने वीर बाल शहीदों के जीवन प्रसंगों के माध्यम से निडरता, दृढ़ संकल्प एवं देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी साहस बनाए रखना ही सच्ची वीरता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलदीप सिंह प्राचार्य ईएमआरएस कटेकल्याण ने की। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने छात्राओं को वीर बाल शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आगंतुकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### छात्राओं को राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी

शिक्षक धरम राय रात्रे टीजीटी इंग्लिश ने वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शहीदों के बलिदान को स्मरण किया और छात्राओं को नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार कंवर द्वारा किया गया। छात्राओं ने इस अवसर पर देशभक्ति गीत, कविता पाठ, निबंध वाचन, भाषण एवं चित्रकला के माध्यम से वीर बाल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसे उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के शिक्षक शुभम सागवान, बरखा नाग, छाया सिन्हा, श्रेया वर्मा एवं अजय सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिनके सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में वीर बाल शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। यह आयोजन छात्राओं के मन में देशप्रेम, साहस, आत्मविश्वास एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना जागृत करने में अत्यंत सफल रहा।

## शेख नजमुल बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में अल्पसंख्यक मोर्चा में नई जिम्मेदारियों की घोषणा की है।

प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल ने किरंदुल निवासी भाजपा के समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता शेख नजमुल को अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया है। इससे पूर्व में वो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर रहकर सेवा दे चुके हैं। इस नियुक्ति से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी ने कहा कि शेख नजमुल पूर्व में संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफल निर्वहन कर चुके हैं और उन्हें यह जिम्मेदारी मिलना संगठन के लिए लाभकारी होगा। अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने संगठन व शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, मंडल प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान व भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दायित्व को निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ निभाते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा, मंडल महामंत्री विक्रम नाहक, मोहित धवन पूर्व मंडल महामंत्री संजीव दास सहित मंडल कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जैविक कृषि ग्रामों का कलेक्टर ने किया दौरा

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजनान्तर्गत चयनितदंतेवाड़ा में समग्र कृषि विकास को नई दिशा देने तथा कृषि के अलावा उद्यानिकी,मत्स्य,पशुपालन विभागों की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन और एकरूपता लाने के मद्देनजर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जैविक कृषि ग्राम झोड़ियाबाड़म में स्थित भूमगादी जैविक कृषक उत्पादक कंपनी मर्यादित का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिलेट्स प्रसंस्करण मशीन, धान एवं पोहा प्रसंस्करण इकाई सहित अन्य स्थापित मशीनों की कार्यप्रणाली, क्षमता एवं वर्तमान उत्पादन की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी प्रबंधन से कच्चे माल की उपलब्धता, उत्पादों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था तथा विपणन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।

# कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण करने पहुंचे निदेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी) के निदेशक डॉ. एसआरके सिंह ने आज कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा का भ्रमण किया। इस अवसर पर किसानों के साथ संवाद, प्रशिक्षण, तकनीकी प्रदर्शन एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके दंतेवाड़ा ओम प्रकाश ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों, सीएफएलडी कार्यक्रम तथा आर्य परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पीपीवीएफआरए के अंतर्गत चयनित किसानों बोसा राम अटामि, ग्राम कासोली, सम्भूनाथ सेडिया, ग्राम बालुद् को निदेशक डॉ. एसआरके सिंह द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही किसानों के खेतों में बुआई हेतु नवीन कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया गया। सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए फसल चयन एवं फसल चक्र अपनाने पर बल दिया। उन्होंने स्वास्थ्य के लिए उपयोगी फसलों जैसे दलहन एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। साथ ही जंगली पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाव हेतु विभिन्न व्यावहारिक उपायों की भी जानकारी दी।



# एनएमडीसी खनन एरिया का कलेक्टर ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश ध्रुव द्वारा आज बचेली में एनएमडीसी खनन एरिया डिपॉजिट क्षेत्र 10 का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने खनन एरिया के क्रशिंग प्लांट, वेस्ट मटेरियल डंप किये जाने क्षेत्र तथा ओर आयरन लोडिंग प्लांट का अवलोकन करते हुए एनएमडीसी प्रबंधन से विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा की पुनरावृत्ति रोकने के लिये प्रबंधन प्रभावी रणनीति और कार्ययोजना तैयार कर जिला कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करें। इस क्रम में प्रबंधन द्वारा मैप के माध्यम से तैयार की गयी सुरक्षा उपायों, सावधानियों से संबंधित कार्ययोजना से अवगत कराया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्लांट परिसर में संचालित विभिन्न खनन विभाग, उत्पादन क्षमता, उत्पादन इकाईयां, सुरक्षा प्रबंधों एवं श्रमिक सुविधाओं एवं पर्यावरणीय मानकों के पालन तथा सुरक्षा उपायों सहित लाल पानी प्रभावितों के राहत हेतु किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



# हर महीने की 7 तारीख को मनाया जाएगा आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत घर बना रहे पात्र परिवारों को मदद और जागरूकता देने के लिए राज्य सरकार ने नया नियम बनाया है। ग्राम पंचायत में हर महीने की 7 तारीख को आवास दिवस मनाया जाएगा। इसी दिन चावल महोत्सव और मनरेगा रोजगार दिवस भी मनाया जाता है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने सभी जनपदों को कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि आवास दिवस मनाने से ग्रामीण परिवारों को समय पर घर बनाने में मदद मिलेगी और योजना का लाभ तेजी से ग्रामीणों तक पहुंच सकेगा। आवास दिवस पर गांव के सभी लाभार्थियों की सूची पढ़ी जाएगी, जिनका घर स्वीकृत हुआ है या जिनका घर बन रहा है।



# बाजपेयी की जयंती पर अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के 101वीं जयंती के अवसर पर बचेली नगर पालिका परिषद में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण एवं मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुआ, जिसमें पूरे प्रदेश में कुल 115 अटल परिसरों का एक साथ लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। प्रदेशव्यापी इस ऐतिहासिक आयोजन की कड़ी में बचेली नगर में भी अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं वैदिक विधि से पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में ओजस्वी मंडावी प्रदेश महिला आयोग सदस्य, सुनीता भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत दंतेवाड़ा , लता मरकाम महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री, कमला बैरागी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रैमचंदानी, पार्षद हरीश शर्मा, धन सिंह नाग, श्याम लाल सेठिया, दीपक सरकार, झिलकी नाग, बीना साहू, मंडल महामंत्री सुदीप्ता मंडल, कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, ऊषा किरण पात्रे, राजश्री मंडावी, अरुणा टंडन, पुष्पा सिंह, लक्ष्मी पाणी, किरण भदौरिया, दिव्यो, नरेश, समेत नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णा राव, इंजीनियर संतोष नेगी, पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी, तथा नागरिक, सामाजिक प्रतिनिधि एवं पत्रकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने अटल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए, जिससे आयोजन की गरिमा और भव्यता और बढ़ गई। नगर वासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अटल परिसर के निर्माण को बचेली नगर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, उन्होंने कहा कि यह परिसर आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों, आदर्शों और राष्ट्र सेवा की शिक्षा एवं प्रेरणा देता रहेगा।



## गौ-संवर्धन केन्द्र का जायजा लेकर उचित प्रबंधन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा नियद नेलानार ग्राम गमावाड़ा पहुंचकर बैलाडीला कामधेनु परियोजना, धुरली ए-2 दुग्ध उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि यह परियोजना जिला प्रशासन, पशुधन विकास विभाग एवं एनएमडीसी सीएसआर के सहयोग से संचालित की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपलब्ध पशुओं की संख्या, वर्तमान दुग्ध उत्पादन क्षमता, पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, चारा व्यवस्था एवं दुग्ध संग्रहण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि कामधेनु परियोजना ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने पशु आहार, स्वच्छता तथा पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परियोजना स्थल पर कार्यरत लोगों द्वारा शौचालय निर्माण की मांग रखी गई। जिस पर कलेक्टर ने जपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को तत्काल आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिए ताकि कार्यरत हितग्राहियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही कलेक्टर ने ब्लॉक दन्तेवाड़ा अंतर्गत टेकनार गौ-संवर्धन केन्द्र का निरीक्षण करते हुए वहां स्थित गौ वंशीय पशुओं की उचित देखरेख चारे एवं चिकित्सा व्यवस्था संबंधी अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये।



# अफसरों ने किया सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने पुनर्वास केंद्र, सेंट्रल लाइब्रेरी तथा गवर्नमेंट गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुनर्वास केंद्र में रह रहे पुनर्वासितों से उनका हालचाल जाना।

इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा पुनर्वासितो के लिए बनाए जा रहे समस्त आवश्यक दस्तावेजों, उन्हें उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों दिए जाने वाले स्टाइपेंड एवं किट बैग के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया।

इसके पश्चात सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को शनिवार एवं रविवार के दिन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सेंट्रल लाइब्रेरी से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के लिए माइंड गेम प्रतियोगिता आयोजित करने, निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक शनिवार जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को सेंट्रल लाइब्रेरी में आमंत्रित कर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंतिम चरण में अधिकारियों द्वारा गारमेंट फैक्ट्री का अवलोकन किया गया।

वर्तमान में फैक्ट्री में लगभग 180 महिलाएं कार्यरत हैं, जो टी-शर्ट एवं पैंट का निर्माण कर रही हैं। अधिकारियों ने फैक्ट्री में और अधिक महिलाओं को जोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने मनाया शक्ति दिवस



**बकावंड।** आज शक्ति दिवस मनाया गया। गढ़ जैतगीरी का सभी पाली ग्राम के सगा बिरादर गंगा उपस्थित होकर गेंदसिंह भाउ नायक के छत्र छाया में झंडा फहरा कर त्यौहार मनाया गया।

### बजरंग दल की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर



**जगदलपुर।** दंतेश्वरी वार्ड में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित वार्ड स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार को लेकर ठोस रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए नए लक्ष्य तय किए गए। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक सहभागिता, नियमित गतिविधियों और अनुशासित कार्यशैली से ही संगठन की पहुंच हर घर तक सुनिश्चित की जा सकती है। बैठक के दौरान वार्ड स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संगठन विस्तार के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों और वैचारिक जागरूकता पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठनात्मक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और आने वाले समय में जनसंपर्क को व्यापक बनाने पर सहमति बनी। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष (प्रतीक गुरु) ने की तथा संचालन नगर मंत्री (विक्रम सिंह ठाकुर) द्वारा विजय महामंत्र के साथ किया गया। बैठक के अंतिम चरण में वार्ड स्तर पर नियुक्त दायित्वों की घोषणा की गई और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। वार्ड स्तर पर दायित्व सौपा गया। जिसमे वार्ड अध्यक्ष सुनील मंडल, वार्ड मंत्री करण कुर्रे, बजरंग दल वार्ड संयोजक सूरज सागर, वार्ड सतसंग प्रमुख मुकेश लहरे,वार्ड साप्ताहिक मिलन प्रमुख (राहुल चंदेल), वार्ड गौ रक्षा प्रमुख ओम चंदेल सम्मलित है।

# सिकलसेल कोई अभिशाप नहीं, जांच और उचित चिकित्सा से जी सकते है सामान्य और स्वस्थ जीवन

## कलेपाल में 200 से अधिक ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सिकलसेल और एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान को अब सुदूर वनांचल क्षेत्रों में भी नई गति मिलने लगी है। राज्य को सिकलसेल मुक्त बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कलेपाल में शुक्रवार को स्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग और बनयान रूफ फाउंडेशन ने एक साझा प्रयास किया।

फाउंडेशन के डायरेक्टर कुलदीप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत भवन के प्रांगण में सिकलसेल, एनीमिया विश्लेषण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य लक्ष्य शासन की योजनाओं के तहत समाज के हर वर्ग, विशेषकर बच्चों और उनके परिजनों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को समझाया कि सिकलसेल कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि समय रहते जांच और उचित चिकित्सकीय प्रबंधन से इसके साथ भी एक सामान्य और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।

ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का स्तर यह था कि सुबह से ही शिविर स्थल पर भीड़ जुटने लगी थी। दिन भर चले इस अभियान में 200 से अधिक ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गंगोत्री, लैब टेक्नीशियन सुगंध तथा स्टाफ नर्स प्रियंका, चंद्रिका और कुसुम ने पूरी तन्मयता से अपनी सेवाएं दीं।

रूरल मेडिकल असिस्टेंट आभा साहनी और उनके स्टाफ ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। वहीं ग्राम पंचायत कलेपाल के सरपंच तरुण बघेल एवं अन्य पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रेरित किया।

## महिलाओं के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस

# उन्नाव कांड को लेकर किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला युवा कांग्रेस व महिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में यूथ कांग्रेस व महिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने राजीव भवन के समक्ष सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकतार्ओं एवं कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्त, त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा उन्नाव रेप केस जैसे गंभीर मामलों में यदि पीड़िता को पूर्ण और संतोषजनक न्याय नहीं मिलता है तो यह पूरे समाज के विश्वास को झकझोर देता है। कांग्रेस हमेशा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद तथा चंपा ठाकुर ने कहा इस प्रदर्शन का उद्देश्य न्याय की मांग, महिला सुरक्षा और पीड़िता के प्रति एकजुटता व्यक्त करना रहा। ऐसे संवेदनशील मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही समाज को गलत संदेश देती है और अपराधियों के हौसले बढ़ाती है। जिसका महिला कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है।

बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा ने कहा जब तक देश की हर महिला स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करेगी और उसे समय पर न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यूथ कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। हम सड़क से लेकर संसद तक महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, वरिष्ठ कांग्रेसी रविशंकर तिवारी, हेमू उपाध्याय, मनोज साहनी,वीरेंद्र साहनी, प्रभारी महामंत्री अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, अल्ताफ उल्ला खान, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, सुषमा सुता, पार्षद सूयार्पानी, शुभम यद्दू, जस्टिन भवानी, लोकेश चौधरी, रंगा राव, प्रभुदास नाग, राकेश मोर, ललिता राव,कमलेश पाठक,अनुराग महतो,नीतीश शर्मा, एस नीला, सायमा अशरफ, रजत जोशी, वैभव, हेमंत पांडे, इंदर झा, प्रदीप, खेमराज सेठिया मौजूद रहे।

## भगवान उसके मन में बैठते हैं जो निश्छल मन से भक्ति में लीन होता है





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राधा रमन भागवत समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य अभिषेक पाठक ने कहा कि आज के समय में अपनी धार्मिक संस्कृति का दर्शन व समझ केवल भागवत, राम कथा के माध्यम से ही संदेश दिया जाता है। इसके अलावा हमारी वे माताएं जो साड़ी व सलवार कुर्ते पहनकर अपनी संस्कृति को बचा रहे हैं। स्वतंत्रता का यह अर्थ नहीं की हम अशोभनीय वस्त्र धारण करें। लोग मंदिर व धार्मिक स्थलों में भी अशोभनीय वस्त्र धारण करते हैं जो हमारी संस्कृति व संस्कार के विरुद्ध है। मर्यादा का किसी को भी उल्लंघन नहीं करना चाहिए। भगवान विष्णु ने एक बार मर्यादा तोड़ कर सती वृंदा के सतित्व का अपमान किया था, जिसके कारण भगवान को पत्थर बनना पढ़ा जिसे हम शालीगराम के रूप में पूजते हैं। माता सीता ने भी लक्ष्मण द्वारा खींचे गए लक्ष्मण रेखा को लांघ कर मर्यादा तोड़ा, जिसके कारण उनका हरण रावण द्वारा किया गया। भगवान को छप्पन भोग से भी वो आनंद नहीं मिलता, सबरी और विदुर के यहां भोजन करने से मिला कहने का अर्थ यह है कि भगवान भाव के भूखे हैं भाव से जूठे व केले के छिलके खाकर भी आनंद प्राप्त कर लेते हैं। भगवान उसके मन में बैठते हैं जो निश्छल मन से भक्ति में लीन रहते हैं। जैसे भक्त ध्रुव, प्रहलाद, सबरी, सुदामा विदुर। ये सब भक्ति में लीन होकर भगवान को ही अपना सब कुछ माना।

वीर बाल दिवस पर बच्चों ने एकाग्रता से सुनी प्रधानमंत्री का संदेश

# बस्तर में गूंजी वीरता की गाथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देश भर में मनाए जा रहे वीर बाल दिवस की गूंज आदिवासी बहुल बस्तर जिले में भी सुनाई दी। गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की अदम्य बहादुरी और शहादत को नमन करते हुए बस्तर के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और संस्थाओं में बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ सुना।

इस अवसर पर जिले भर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। बच्चों को साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता से परिचित कराने के लिए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि साहिबजादों का बलिदान केवल इतिहास का एक पन्ना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक अनंत स्त्रोत है। बस्तर के नौनिहालों ने इस संदेश को आत्मसात करते हुए देश सेवा और साहस के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर गर्व और उत्साह के भाव साफ देखे जा सकते थे। शिक्षकों और स्थानीय बुद्धिजीवियों ने भी इस अवसर पर बच्चों को बताया कि किस तरह कम उम्र में साहिबजादों ने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

# वीर बाल दिवस अदम्य साहस श्रद्धा और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक : देव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस

वीर बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों ने धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। वे आततायों के आगे अपने सिद्धांतों से झुके नहीं। इतिहास गवाह है कि इतनी छोटी सी उम्र में उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दे कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। देश उनकी शहादत का ऋणी है। साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने 1705 में अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय देकर प्राणों को न्योछावर कर दिया। विदित हो भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिखों के 10वें गुरु गोविन्द सिंह के छोटे पुत्रों की शहादत को प्रति वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।



इसी तारतम्य में वीर पुत्रों को श्रद्धांजलि देते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि छोटे से बालकों को आततायों ने तलवार के बल पर झुकाना चाहा पर वे अपने प्रयास में सफल नहीं हो पाए। उन्होंने बालकों को दीवार पर चुनवा दिया किन्तु उन्हें धर्म और संस्कृति से डिगा नहीं पाए। सिख समाज के अध्यक्ष अमरीक सिंह ने कहा 1705 का युद्ध भारत के साहस और मान्यताओं की अडिगता का परिचय है। जब गुरु गोविन्द सिंह के छोटे पुत्रों ने युद्ध भूमि पर अदम्य साहस का परिचय दिया। उनके दो पुत्र साहिबजादे अजित सिंह और जोरार सिंह युद्ध के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए और साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिब जादा फतेह सिंह आक्रांताओं के द्वारा दीवार पर चुनवा दिए गए। उन्होंने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर अपने प्राणों की आहुति दी किंतु अपने सिद्धांतों से विमुख नहीं हुए। इस दौरान वीर बालकों के रूप में प्रिया पटवा, पीहू बघेल, दीपा बघेल, श्लोक दास, जया नाथ, ज्योति पटवा, नूपुर दास, मोनू देवांगन के मार्गदर्शन में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे एवं सुरेन्द्र सिंह गिल ने भी सम्बोधित किया।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम के संयोजक अतुल सिम्हा एवं सह संयोजक अवधेश सिंह गौतम सहित विद्याशरण तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, महापौर संजय पांडे, परिस राम बेसरा, नरसिंह राव, राजपाल कसेर, रोहित त्रिवेदी, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, सफीरा साहू, प्रकाश झा, शशिनाथ पाठक, सुधा मिश्रा, माहेश्वरी ठाकुर, प्रमिला कपूर, ममता राणा, बिजली वैध, विपिन मालवीय, दिनेश केजी, ब्रिजेश शर्मा,राजा यादव, सुरेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अटल जी को भाजपाईयों ने किया याद



**जगदलपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर आज धुरगुड़ा पंचायत में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला मंत्री सुब्रतो विश्वास, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष, पदलाम नाग, उपाध्यक्ष मोहन सेठिया, सविता साहनी, महामंत्री राजेश शर्मा, मनोज पटेल पूर्व उपाध्यक्ष रघू सेठिया, पूर्व महामंत्री राधेश्याम पन्द्रे , मंत्री सुरेश ठाकुर सरीता साहू संगीता महाराणा, जुगल किशोर, मोरध्वज सेठिया,पूखराज ठाकुर धीरज पाडें पुरुषोत्तम कश्यप, संजय गुप्ता, दूजेश्वर देवांगन, गुन्दर बघेल ,सुनील नाग, गणेश नागवंशी,रुपेश समरथ, श्याम सेठिया, विरेन्द्र जोशी, चमेली जीराम, महेंद्र बघेल, जितेंद्र बाकड़ा, लिंगेश्वर सेठिया, सोनदर बघेल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

फ्री चैकअप कैम्प डायबिटीक फुट केयर
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा
25 से 28 दिसंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# जल प्रदाय योजनाओं को जल्द पूर्ण करें : शुक्ला




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- मिशन संचालक ने की जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

जल जीवन मिशन के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में बस्तर संभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और जल प्रदाय योजनाओं को जल्द पूर्ण किए जाने पर जोर देते हुए कहा कि प्रगतिरत कार्यों को नियमित रूप से तेजी के साथ संचालित किया जाए। इन जल प्रदाय योजनाओं के लिए स्त्रोत विकसित करने के लिए सर्वेक्षण कर नलकूप खनन करें। टंकी निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण कर विद्युत कनेक्शन प्रदाय के लिए डिमांड जमा करने सहित आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करें और पूर्ण जल प्रदाय योजनाओं के द्वारा जलापूर्ति शुरू किया जाए। उन्होंने बस्तर संभाग के सभी जिलों में सोलर आधारित जल प्रदाय योजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण कर अंदरूनी इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक में संभाग के अंतर्गत जल संरक्षण को प्रथम स्थान देकर जनजागरूकता निर्मित करने सहित ग्रामीणों की सहभागिता से पानी बचाओ अभियान चलाने कहा और इस मुहिम में महिला जल वाहिनी की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संरक्षण के साथ ही भू-जल संवर्धन हेतु जल स्त्रोतों के समीप सोख्ता गड्ढा बनाने कहा। वहीं शासकीय भवनों सहित नगरीय क्षेत्रों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मिशन संचालक ने हर घर जल प्रमाणीकरण को तेजी के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं प्रत्येक जिले में समुचित जल स्त्रोत का प्लान बनाने कहा। वहीं ग्रीष्मकालीन जल प्रदाय हेतु अग्रिम कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंदरूनी चिन्हित ग्रामों और मजरे टोले में नवीन हैंडपंप स्थापना को भी तेजी के साथ सुनिश्चित करने कहा और इस दिशा में नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान केंद्रीत किए जाने के निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में अतिरिक्त मिशन संचालक एसएन पाण्डे, मुख्य अभियंता बस्तर परिक्षेत्र जीएल लखेरा, अधीक्षण अभियंता कैलाश मंडरिया तथा छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अधिकारी सहित जिलों में पदस्थ कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एचएस मरकाम, विरेन्द्र पाण्डे, एसके वर्मा, वीके राम, एसआर नेताम, निखिल कंवर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- दलपत सागर में लोगों ने किया श्रमदान
- मकर संक्रांति पर होगा भव्य दीपोत्सव

# रोजाना साफ सफाई होने से पानी हो रहा निर्मल : पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दीपोत्सव की तैयारियों के तहत दलपत सागर क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई अभियान सुचारु रूप से चलाया जा रहा है। सफाई व्यवस्था एवं तैयारियों को देखने महापौर अपनी टीम के साथ पहुंचे और अधिकारियों को साफ-सफाई को निरंतर बनाए रखने के लिए कहा।

ज्ञात हो कि शहर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर को स्वच्छ, सुंदर और संरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बीते चार महीनों से दलपत सागर में विशेष सफाई कार्य किया जा रहा है, जिसमें जलकुंभी और घास को हटाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर निगम का पूरा अमला इस अभियान में जुटा हुआ है।

तालाबों में फैलने वाली जलकुंभी को समाप्त करने के लिए स्वनिर्मित मशीन, विड हार्वेस्टिंग मशीन एवं मोटर बोट का उपयोग किया जा रहा है। इस मशीन की मदद से दलपत सागर के जल क्षेत्र को लगातार साफ किया जा रहा है, जिससे जल की गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है।

नगर निगम 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पर्व पर दलपत सागर में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसी को लेकर सफाई अभियान को और तेज किया गया है। शनिवार सुबह 8 बजे दलपत सागर में विशेष श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके पश्चात दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की जाएगी। जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी।

इस अवसर पर महापौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा दलपत सागर हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम लगातार सफाई अभियान चला रहा है, इसके साथ ही जनसहयोग बढ़ाने के लिए श्रमदान का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने शहर की जनता से अपील किया है कि वे इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता दें, एक दिया स्वच्छता के नाम जरूर जलाए और मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाएं।

महापौर ने कहा दलपत सागर को साफ करने का जो प्रयास किया जा रहा है उसका नतीजा भी सामने आया है। दलपत सागर में 60 से 70 फीसदी सफाई का काम हो चुका है। उन्होंने आगे कहा दीपोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक है।

**सबकी भागीदारी जरूरी**

महापौर ने शैक्षणिक संस्थानों, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स, बस्तर परिवहन संघ, रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, सामाजिक संगठनों, सभी समाजों, पत्रकार संघ, इंद्रावती बचाओ अभियान, दलपत सागर बचाओ अभियान, युवोदय, शासकीय कर्मचारियों सहित समस्त शहरवासियों से अपील की कि वे न केवल सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं बल्कि दीपोत्सव कार्यक्रम को भी सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

**स्वच्छता के नाम पर एक दिया जलाएं**

नगर निगम का उद्देश्य है कि मकर संक्रांति के दिन दलपत सागर दीपों की रोशनी से जगमगाए और यह आयोजन स्वच्छता, सहभागिता और सांस्कृतिक एकता का संदेश पूरे शहर में फैलाए। महापौर ने शहर के लोगों से आग्रह किया है कि सभी स्वच्छता के नाम पर एक दिया जलाने के लिए आगे आएं। दीप, दिया, तेल एवं अपना सहयोग करने के लिए सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

**आर्थिक सहयोग से निखरेगा तालाब**

आर्थिक सहयोग के लिए एक क्यूआर कोड जनरेट किया गया है उसी क्यूआर कोड में सहयोग राशि डालें अन्य किसी भी प्रकार के क्यूआर कोड में राशि ना डालें। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, हेमंत श्रीवास, विजय बहादुर सिंह, विमल पांडे, दामोदर कुमार सहित निगम अमला उपस्थित रहा।

Navkar Hospital
& Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
हड्डी रोग संबंधित समस्याएं
आर्थराईटिस ईत्यादि
मासपेशी में दर्द
घुटने व कुल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
डिफमिटी करेक्शन
गठियावात, कुल्हा, कोहनी
आदि अंगो पर दर्द लम्बे समय
से न जुड़ने वाली फेक्चर का ईलाज



डॉ. पवन शॉ
जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
एवं ऑर्थोस्कोपिक सर्जन
Emergency Contact no 24 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375